# अंतर्राष्ट्रीय रक्षा कंपनियां यूपी में निवेश की इच्छुक

## संभावनाएं

**लखनऊ,विशेष संवाददाता।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने हाल में ग्रीस के एथेंस में आयोजित रक्षा एवं एयरोस्पेस प्रदर्शनी में कई रक्षा कम्पनियों के प्रतिनिधियों से मुलाक़ात की।

उन्होंने कहा कि डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर राष्ट्रीय रक्षा उत्पादन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आने वाले वर्षों में यह राज्य को रक्षा तकनीक और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाएगा। मुख्य सचिव से बातचीत में ग्रीस एवं अर्मेनिया ने उत्तर प्रदेश में रक्षा निवेश में गहरी रुचि दिखाई। प्रतिनिधिमंडल ने बीएई सिस्टम, रे मेट्रिक्स एस ए, बूटेक , लाक हीड मार्टिन व एमएसजी सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह, यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीहरि प्रताप शाही सहित वरिष्ठ सलाहकार एवं रक्षा विशेषज्ञ सम्मिलित रहे।